पंजाब केसरी 09/03/2025

महिला सशक्तिकरण और उपलब्धियों का उत्सव है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : डा. रोहित दत्त

जी.एम.एन. कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

अम्बाला, 8 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के महिला प्रकोष्ट, प्रबंधकीय विभाग और रसायन विभाग के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा महिलाओं को सम्मान में महिला स्टाफ से केक कटवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता और मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला सशक्तिकरण और उपलब्धियों का उत्सव है, जिसे हर्षोल्लास से मनाया जाना चाहिए। इस आयोजन का उद्देश्य कॉलेज के छात्राओं और शिक्षकों को अच्छा अनुभव करवाना था, जो संस्थान में उनके अमूल्य योगदान को पहचानता है। समारोह का मुख्य आकर्षण सौंदर्य प्रतियोगिताएं रहीं, जिनमें प्रतिभागियों ने मेकअप आर्ट, साड़ी बांधना, नेल आर्ट और बैस्ट आऊट ऑफ वेस्ट में अपनी प्रतिभा एवं आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

सौंदर्य प्रतियोगिता के अलावा शिक्षकों के लिए क्विज और संगीतमय प्रतियोगिताएं सहित विभिन्न मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में स्टाफ के सदस्यों को आपसी बॉन्ड और एक-दूसरे की कंपनी का आनंद लेने के लिए एक मंच प्रदान किया।

इस गतिविधि के सफलतापूर्वक संचालन के लिए महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नेहा ने प्रबंधकीय विभाग से डा. भारती, डा. अमिता और महिला प्रकोष्ठ के सदस्य डा. सरोज, डा. नियति एवं डा. नीना को धन्यवाद प्रेषित किया।